दिन– रविवार दिनांक– 09 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

रेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव अब से थोड़ी देर बाद पश्चिम चंपारण ज़िले में बेतिया और कुमारबाग के बीच बने रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करेंगे। इस ओवरब्रिज के बन जाने से जिले के चौदह प्रखंड जिला मुख्यालय से जुड़ जायेंगे और लोगों को भीषण जाम की समस्या से राहत मिलेगी। श्री वैष्णव बेतिया–पटना रेलखंड पर सिग्नलिंग व्यवस्था, इस मार्ग की परियोजनाओं और अमृत भारत स्टेशनों का भी निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दूबे, राज्य सरकार की मंत्री रेणु देवी, भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल और जदयू सांसद सुनील कुमार भी उपस्थित रहेंगे। रेल मंत्री आज शाम पटना जंक्शन का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे विकास कार्यों का जायजा लेंगे।

———————————————————————

रेलवे ने सहरसा–अमृतसर जन साधारण एक्सप्रेस का ललित ग्राम तक विस्तार किया है। यह ट्रेन परिवर्तित नंबर के साथ तेरह फरवरी से चौबीस अप्रैल तक प्रत्येक गुरूवार को सहरसा से ललित ग्राम तक के लिए और चौदह फरवरी से पच्चीस अप्रैल तक प्रत्येक शुक्रवार को ललित ग्राम से सरहसा के बीच चलेगी।

———————————————————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण इस वर्ष नये प्रारूप में प्रस्तुत किया जायेगा। आठ एपिसोड का यह कार्यक्रम कल से नई दिल्ली के भारत मण्डपम में शुरू हो रहा है। परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मुक्केबाज एम.सी. मेरीकॉम और आध्यात्मिक गुरू जग्गी वासुदेव समेत विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियों की भी उपस्थिति होगी।

---

दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में कल से तीन मार्च तक बिजली बिल में सुधार के लिए अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत हर गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर में बिजली बिल सुधार, राजस्व वसूली, प्री–पेड मीटर से जुड़ी समस्याओं और नये कनेक्शन में देरी सहित अन्य शिकायतों का भी निवारण किया जायेगा। इस अभियान की नियमित निगरानी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता करेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के मनेर शरीफ स्थित सूफी संत हज़रत सुल्तानुल मख्दूमीन सैय्यद शाह कमालुद्दीन अहमद यहया मनेरी के 756 वें उर्स के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी की। उन्होंने राज्य में अमन–चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

---

पछुवा हवा के प्रभाव से प्रदेश के औसत तापमान में गिरावट आई है। धूप खिलने के बावजूद भी लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले बहत्तर घंटो के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होगी। वहीं, सुबह के समय राज्य के उत्तरी हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

मुजफ्फरपुर के कांटी थाना हाजत में एक युवक की मौत के बाद हुए हंगामे के मामले में डेढ़ सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इन सभी पर पुलिस पर हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने से जुड़ी अलग–अलग धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से पैंतालीस किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम में अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बिहार पुलिस के एक सिपाही की मौत हो गई। मृतक सिपाही पटना में पदस्थापित था।

————————————————————————

समाप्त